कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्देश्य

1707. **श्री ईश दत्त यादव :**
चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ;

(ख) क्या और अधिक कृषि विज्ञान केन्द्रों को खोलने का कोई प्रस्ताव है ;

(ग) यदि हां, तो उनके लिए राज्यवार चुने गए स्थान कहां-कहां हैं; और

(घ) इन केन्द्रों के कब तक खोले जाने की संभावना है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) कृषि विज्ञान केन्द्रों के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं :—

(i) राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञों/क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों के वैज्ञानिकों, एन.ए.ई.पी. और राज्य विस्तार कार्मिकों के साथ खेतों पर परीक्षण करके क्षेत्र विशेष स्थाई भूमि उपयोग पद्धति के विकास के लिए टैक्नालाजी को परिष्कृत करने और उसे प्रलेखित करने में सहयोग करना ।

(ii) परिचालन के क्षेत्र में कृषि अनुसंधान में होने वाली प्रगति में विस्तार कार्यकर्ताओं को अवगत कराने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण आयोजित करना।

(iii) कृषि और संबंधित व्यवसायों में ग्रामीण युवाओं के लिए दीर्घकालिक व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करना जिसमें संस्थागत वित्तीय सहायता के साथ स्व-रोजगार उत्पन्न करने के लिए करके सीखों" पर बल दिया जाता है।

(iv) उत्पादन अंकड़े और पुर्ननिवेशन (फीड बैक) तैयार करने के लिए विभिन्न फसलों में प्रथम श्रेणी प्रदर्शन आयोजित करना ।

(ख) जी, हां ।

(ग) विभिन्न राज्यों से कृषि विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए राज्यवार स्थानों का निर्णय किया जाएगा।

(घ) नवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक देश के प्रत्येक जिले में एक कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित हो जाएगा ।

स्टेट फार्म कारपोरेशन आफ इंडिया को हुई हानियां

1708. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने स्टेट फार्म कारपोरेशन आफ इंडिया में वित्तीय हानियों को दूर करने के लिए उसके कार्यकरण में परिवर्तन या सुधार लाने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा दिसम्बर, 1994 एवं जून, 1991 में इस कारपोरेशन में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत थे और पिछले तीन वर्षों अर्थात् 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान इस कारपोरेशन में कुल कितने मूल्य का उत्पादन हुआ ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) जी, हां ।

(ख) भारतीय राज्य फार्म निगम द्वारा वित्तीय हानियों से बचने के लिए अपनी कार्यप्रणाली को सुधारने के लिए